प्रेस नोट थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 08.11.2024

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 519/24 धारा 103(1),61(2),85 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त सुरेन्द्र निषाद पुत्र उत्तम निषाद निवासी लुनिया थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>

दिनांक 08.11.2024 को ग्राम सभा परसौना बढ़नी के अन्तर्गत स्थित नहर में 01 युवती का शव मिला। पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ युवती उसी गांव की रहने वाली है तथा अभियुक्त के साथ उसका विवाह हुआ है। पारिवारिक विवाद के कारण युवती अपने मायके ग्राम परसौना बढ़नी में ही रह रही थी।

दिनांक 07.11.2024 को अभियुक्त उपरोक्त छठ पूजा का सामान खरीदने के हेतु मृतका को उसके मायके से ले गया तथा हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>

सुरेन्द्र निषाद पुत्र उत्तम निषाद निवासी लुनिया थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर

<u>गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-</u>

मु0अ0सं0 519/24 धारा 103(1),61(2),85 बीएनएस थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>

01- थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

02-कांस्टेबल अजीत यादव थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

03-कांस्टेबल अमरनाथ यादव थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

04-कांस्टेबल सत्यवीर सिंहथाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर